# Inter-University Cultural Fest 'SPANDAN-2024'

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 03-03-2024**

# CDLU Sirsa rocks show at inter-varsity Spandan fest

TRIBUNE NEWS SERVICE

HISAR, MARCH 2

Chaudhary Devi Lal University (CDLU), Sirsa, clinched the overall trophy at the prestigious inter-university cultural fest 'Spandan-2024', organised at Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh.

The event witnessed participation from students of various universities across the country.

Director Youth Welfare (DYW) at CDLU, Manju Nehra, said the students showcased their talent in the event and won the trophy. She said the students bagged 16 medals in various cultural competitions, bringing laurels to the institution.

While crediting the students for the success, Nehra said under the leadership of ADYW Rajesh Kumar, Yakshita and Snehlata, a group of 40 talented students represented the university at the event.




CDLU students celebrate their victory at the Central University of Haryana, Mahendragarh.

The competitions covered a diverse range of categories, including music, dance, literature, theatre and fine arts. CDLU secured the first position in seven events, second rank in six events and third spot in three events.

The university won the first spot in the classical solo singing, light vocal Indian singing, Indian group song, along with folk dance, poetry and mehndi competitions.

Meanwhile, it grabbed the second spot in western solo singing, speech, debate, skit, rangoli and poster making. CDLU students also secured the third spot in one-act play, painting and collage making.

Vice-Chancellor Prof Ajmer Singh Malik and Registrar Rajesh Kumar Bansal congratulated the students and appreciated the efforts made by them.

"The victory at Sapandan-2024 not only underscores the exceptional talent nurtured at CDLU, Sirsa, but also reaffirms the university's commitment to excellence in both academics and extracurricular activities," said the VC.

Haryana Tribune Sun, 03 March 2024
https://epaper.tribuneindia.com/c/74677137

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 03-03-2024**


# हकेंवि ने जीतकर भी सीडीएलयू को दी ट्रॉफी

## समापन सत्र में रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने बढ़ाया कलाकारों का हौसला

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में दो दिनों तक चले वार्षिकोत्सव स्पंदन 2024 की ट्रॉफी हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नाम रही।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के प्रतिनिधियों ने आयोजक संस्थान होने के नाते इस ट्रॉफी को द्वितीय स्थान पर रहे चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा देने का निर्णय लिया।




हकेंवि में आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागी के साथ कुलपति प्रो. टकेश्वर कुमार व अन्य। स्रोत : हकेंवि

दो दिनों तक चले इस आयोजन में डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट, साहित्यिक कार्यक्रम व थियेटर की श्रेणियों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से 12 से अधिक विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों से आई टीमों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन सत्र हरियाणवी कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक उपस्थित रहे और उन्होंने जमकर समा बांधा। आयोजन के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के नतीजे घोषित किए गए।

**यह रहे विजेता** : म्यूजिक श्रेणी क्लासिकल वोकल सोलो भारतीय में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी द्वितीय व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय तृतीय स्थान पर रहे। वहीं क्लासिकल वोकल सोलो की प्रथम श्रेणी में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी द्वितीय व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय तृतीय पायदान पर रहे। शुक्रवार देर शाम तक चली प्रतियोगिताओं के क्लासिकल वोकल सोलो की प्रथम श्रेणी में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, लाइट वोकल इंडियन सोलो में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय तथा बीपीएस खानपुर की टीम ने तीसरा स्थान पाया। वहीं वेस्टर्न वोकल सोलो में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, शारदा यूनिवर्सिटी द्वितीय पायदान पर रही। ग्रुप सांग इंडियन में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय व बीपीएस खानपुर तृतीय, ग्रुप सांग वेस्टर्न में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम, फोक आर्केस्टा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम व बीपीएस खानपुर द्वितीय रहा।

### साहित्यिक कार्यक्रमों में इनके सिर सजा ताज

हिंदी कविता पाठ में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय व दिल्ली यूनिवर्सिटी तृतीय, अंग्रेजी कविता पाठ में बीपीएस खानपुर प्रथम, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वितीय व सीबीएलयू तृतीय स्थान पर रहा। वाक्शक्ति में सीबीएलयू प्रथम, जीजेयू हिसार द्वितीय तथा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तृतीय स्थान पर। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीपीएस खानपुर व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रथम व आईजीयू, सीडीएलयू व सीबीएलयू द्वितीय, स्किट में जीजेयू हिसार प्रथम, सीडीएलयू द्वितीय तथा बीपीएस खानपुर तृतीय, मिमिकरी में आईजीयू पहले स्थान पर। सीयूएच द्वितीय व बीपीएस खानपुर तृतीय, वन एक्ट प्ले में जीजेयू हिसार प्रथम, बीपीएस खानपुर द्वितीय तथा सीडीएलयू तृतीय, नुक्कड़ नाटक में आईजीयू प्रथम, सीयूएच द्वितीय व बीपीएस खानपुर तृतीय स्थान पर। फाइन आर्ट श्रेणी ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, शारदा यूनिवर्सिटी द्वितीय तथा सीडीएलयू तृतीय, कोलाज मेकिंग में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने प्रथम, बीपीएस खानपुर द्वितीय तथा सीडीएलयू व जीजेयू तृतीय स्थान पर। पोस्टर मेकिंग में सीयूएच प्रथम, सीबीएलयू द्वितीय व सीडीएलयू तृतीय स्थान पर रहा। जबकि क्ले मॉडलिंग में सीयूएच प्रथम, जीजेयू द्वितीय तथा शारदा यूनिवर्सिटी तृतीय, कॉर्टूनिंग में सीबीएलयू प्रथम, सीयूएच द्वितीय व जीजेयू तृतीय, रंगोली में सीबीएलयू प्रथम, सीडीएलयू द्वितीय तथा यूनिवर्सिटी तृतीय, स्पॉट फोटोग्राफी में सीयूएच प्रथम, सीबीएलयू द्वितीय व आईजीयू तृतीय स्थान पर रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-03-2024**

# हकेंवि में दिखा भारतीय कला-संस्कृति का संगम

## वार्षिकोत्सव का समापन, हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने दी शानदार प्रस्तुति

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का शुक्रवार को समापन हुआ।

समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रंग बिखेरा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर शैक्षणिक, शिक्षणेतर, विद्यार्थी, शोधार्थी व आउटसोर्स के सभी सहभागियों को उन्हें प्राप्त पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षको को पुरस्कृत करने के विषय में कहा कि इससे उनमें विद्यार्थियों के प्रति और अधिक मेहनत के साथ काम करने का भाव पैदा होगा। कुलपति ने दो दिवसीय आयोजन में सम्मिलित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों की भी सराहना की और कहा कि सभी को पुरस्कार मिल पाना संभव नहीं है, लेकिन उनका प्रयास महत्व है।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में पंजाबी नृत्य की प्रस्तृति देते प्रतिभागी। स्रोत : हकेंवि

### इन्हें भी मिला विशेष सम्मान, बढ़ाई उपलब्धियां

गुणवत्ता में सुधार तथा आईक्यूएसी जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के लिए अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, पोषण जीवविज्ञान विभाग, तथा भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। शिक्षणोत्तर श्रेणी में पवन कुमार, राजेश कुमार, हर्ष कुमार, दीपक कुमार, संजीव कुमार, तानिया कौशिक, संदीप कुमार व जितेंद्र कुमार को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे।



पुरस्कृत सहभागियों के साथ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : हकेंवि

### हकेंवि वार्षिक बेस्ट रिसर्चर पुरस्कार 2024 में यह हुए सम्मानित

- बेस्ट रिसर्चर सहभागिता (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. एजाज अंसारी
- बेस्ट रिसर्चर सहभागिता (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. सुनीता तंवर
- बेस्ट रिसर्चर अन्वेषक (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. मुनीष मानस
- बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. मनीषा पांडे
- बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. आर.पी. पांडे
- बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. अंशु को
- बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा
- बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. रूपेश देशमुख
- बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार
- बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. पूजा यादव
- बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट ( मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. रीमा गिल

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-03-2024**



## उत्सव का मंच...

संवाद

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्पंदन कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। >>संबंधित खबर पेज 4 पर

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 02-03-2024**

हकेंवि में देखने को मिला भारतीय कला एवं संस्कृति का बेजोड़ संगम

# हकेंवि के वार्षिकोत्सव में रामकेश व हरिओम कौशिक ने बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की मुख्य अतिथि के रूप गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रंग बिखेरा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर शैक्षणिक, शिक्षणेतर, विद्यार्थी, शोधार्थी व आउटसोर्स के सभी सहभागियों को उन्हें प्राप्त पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षको को पुरस्कृत करने के विषय में कहा कि इससे उनमें विद्यार्थियों के प्रति और अधिक मेहनत के साथ काम करने का भाव पैदा होगा। कुलपति ने दो दिवसीय आयोजन में सम्मिलित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों की भी सराहना की और कहा कि सभी को पुरस्कार मिल पाना संभव नहीं है, लेकिन उनका प्रयास महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी सम्मानितजनों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास उल्लेखनीय और अनुसरणीय है। अवश्य ही वे अन्य सहयोगियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने आंतरिक गुणवत्ता व आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से दिए जाने वाले पुरस्कारों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तर पर सभी सहभागियों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता के अवसर विकसित किए गए हैं। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. रेनु यादव व कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरती यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।




नारनौल। केंद्रीय विश्वविद्यालय में पुरस्कार प्रदान करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो: हरिभूमि

**आयोजन में समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने बांध समां**

## वार्षिक पुरस्कार की सूची (शैक्षणिक श्रेणी)

- ⏭ बेस्ट रिसर्चर सहभागिता (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. एजाज अंसारी को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर सहभागिता (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. सुनीता तंवर को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर अन्वेषक (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. मुनीष मानस को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (साइंस एंड इंजीनियरिंग) अवार्ड डॉ. मनीषा पांडे को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर पब्लिकेशन (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. आर.पी. पांडे को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. अंशु को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर इम्पेक्ट (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) प्रो. रंजन अनेजा को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. रूपेश देशमुख को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर एच इंडेक्स (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. अजय कुमार को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट (साइंस एंड इंजीनियरिंग) डॉ. पूजा यादव को,
- ⏭ बेस्ट रिसर्चर प्रोजेक्ट ( मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान) डॉ. रीमा गिल को दिया गया।

## प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के सर्वेक्षण में शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल होने के लिए प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. बिजेंद्र सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अरुण काजला, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. रूपेश देशमुख, डॉ. अंशु व डॉ. मनीषा पांडे को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में मेट्रो रेल परियोजना के समन्वय के लिए प्रो. अजय कुमार बंसल को विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी हेतु डॉ. पूजा यादव को तथा हकेंवि के लिए अधिकतम संख्या में पेटेंट योगदान के लिए डॉ. सविता बुधवार को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

**Newspaper: Haryana Pradeep** **Date: 02-03-2024**

# हकेवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति को बेजोड़ संगम

**» हकेवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन » रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने बढ़ाई समापन सत्र में बिखेरा रंग**




**महेंद्रगढ़ ( हरियाणा प्रदीप )।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की मुख्य अतिथि के रूप गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रंग बिखेरा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर शैक्षणिक, शिक्षणेतर, विद्यार्थी, शोधार्थी व आउटसोर्स के सभी सहभागियों को उन्हें प्राप्त पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षको को पुरस्कृत करने के विषय में कहा कि इससे उनमें विद्यार्थियों के प्रति और अधिक मेहनत के साथ काम करने का भाव पैदा होगा। कुलपति ने दो दिवसीय आयोजन में सम्मिलित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों की भी सराहना की और कहा कि सभी को पुरस्कार मिल पाना संभव नहीं है लेकिन उनका प्रयास महत्त्वपूर्ण है। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी सम्मानितजनों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास उल्लेखनीय और अनुसरणीय है। अवश्य ही वे अन्य सहयोगियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने आंतरिक गुणवत्ता व आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से दिए जाने वाले पुरस्कारों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तर पर सभी सहभागियों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता के अवसर विकसित किए गए हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Ran Times** **Date: 02-03-2024**

# हकेवि में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

## ■हकेवि में देखने को मिला भारतीय कला-संस्कृति को बेजोड़ संगम

**मनोज गोयल गुडियानिया**
**महेंद्रगढ़ (रण टाइम्स)**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की मुख्य अतिथि के रूप गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में समापन सत्र में हरियाणवी लोक कलाकार रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से रंग बिखेरा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित विभिन्न उपलब्धियों के माध्यम से समूची विकास यात्रा का स्मरण किया और भविष्य की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर शैक्षणिक, शिक्षणेतर, विद्यार्थी, शोधार्थी व आउटसोर्स के सभी सहभागियों को उन्हें प्राप्त पुरस्कार व




**❖ रामकेश जीवनपुरिया व हरिओम कौशिक ने बढ़ाई समापन सत्र में बिखेरा रंग**

प्रशस्ति पत्र के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कुलपति ने अपने संबोधन में शिक्षको को पुरस्कृत करने के विषय में कहा कि इससे उनमें विद्यार्थियों के प्रति और अधिक मेहनत के साथ काम करने का भाव पैदा होगा। कुलपति ने दो दिवसीय आयोजन में सम्मिलित विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों की भी सराहना की और कहा कि सभी को पुरस्कार मिल पाना संभव नहीं है लेकिन उनका प्रयास महत्त्वपूर्ण है।

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने सभी सम्मानितजनों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास उल्लेखनीय और अनुसरणीय है। अवश्य ही वे अन्य सहयोगियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने आंतरिक गुणवत्ता व आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से दिए जाने वाले पुरस्कारों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय स्तर पर सभी सहभागियों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता के अवसर विकसित किए गए हैं। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, डॉ. रेनु यादव व कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरती यादव सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-03-2024**

# हकेंवि में अवध से उत्तर पूर्व तक की दिखी झलक

## पंजाब के भंगड़े और हरियाणवी डांस पर जमकर बजी तालियां, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्पंदन का आज होगा समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के मंच पर वीरवार को भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली।

**10** राज्यों की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की

विद्यार्थियों ने 10 राज्यों की कला-संस्कृति की ऐसी झलक प्रस्तुत की, मानो समूचा भारत हकेंवि के मंच पर उतर आया हो। इस मंच पर भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण, भगवान शिव के साथ-साथ विद्यार्थियों ने लोककला-संस्कृति का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुई। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मंजीत ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति झूम उठा। दर्शकों ने मंजीत की कला की प्रशंसा करते हुए ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। अगले चरण में उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अवध, काशी व मथुरा के सीधे दर्शन कराए और मंच पर भगवान श्रीराम, भगवान शिव व श्रीकृष्ण नजर आए। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने बिहार और वहां की कला-संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जबकि उत्तर पूर्व के विद्यार्थियों के प्रदर्शन से समूचा पंडाल झूमता नजर आया। आयोजन में उत्तराखंड, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगना, केरल के साथ-साथ वेस्टर्न डांस का भी जबरदस्त मेल देखने को मिला। पंजाब के भंगड़े और हरियाणवी डांस ने खूब सुर्खियां बटोरीं।

आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने बताया कि स्पंदन 2024 के पहले दिन उद्घाटन सत्र में राज्य केंद्रित लोक नृत्यों की प्रस्तुति के बाद डांस की श्रेणी में लोक, ट्राइबल व क्लासिकल डांस, संगीत की श्रेणी में लाइट वोकल इंडियन व वेस्टर्न, भारतीय व पाश्चात्य समूह गायन, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, कोलाज, पोस्टर मेकिंग व फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वार्षिकोत्सव स्पंदन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव मौजूद रहे।



हकेंवि में आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत: हकेंवि



हकेंवि की पेंटिंग बनाता छात्र। स्रोत: हकेंवि



हकेंवि में आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में रंगोली बनाती छात्रा। स्रोत: हकेंवि

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-03-2024**




डॉ. ऊषा अरोड़ा को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य। स्रोत:हकेंवि

# हकेंवि के 15 साल पूरे होने पर वार्षिकोत्सव आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ।

विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि पिछले 15 वर्षों का यह सफर विवि के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे।

## देशभर के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थानों से टीमें हुईं शामिल

प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय व निफ्टेम सहित 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-03-2024**




## शानदार प्रस्तुति...

स्रोत : हकेंवि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित स्पंदन कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच पर अवध से उत्तर पूर्व तक की झलक दिखाई दी। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र। <<संबंधित खबर पेज 4 पर

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01-03-2024**

## हकेंवि वार्षिकोत्सव स्पंदन: पहले दिन विद्यार्थियों ने भारत की श्रेष्ठ सांस्कृतिक झलक की प्रस्तुत

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में गुरुवार दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में विशिष्ठ अतिथि व विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा ने कहा कि यह समय बेहद महत्त्वपूर्ण है और विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य सहयोगियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ेंगे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों के उत्साह को विश्वविद्यालय की प्रगति से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह से विद्यार्थी निरंतर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। उससे स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है।

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जबकि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बीआर अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम सहित 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिनों के इस आयोजन में म्यूजिक, डांस, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर, फाइन आर्ट के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, कविता पाठ, वाद-विवाद, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस आयोजन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय से डॉ. रेनु यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. मुलाका मारुति सहित शिक्षकों, विभिन्न समिति के सदस्यों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व स्वयंसेवकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।






वार्षिकोत्सव स्पंदन में अतिथियों का अभिनंदन करते वीसी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 01-03-2024**

## वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया स्थापना दिवस

नारनौल, 29 फरवरी (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि कुछ नया सीखें और आगे बढ़ें। डॉ. ऊषा अरोड़ा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपसी व्यवहार व व्यक्तित्व के विकास के प्रति जागरूक किया। आयोजन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय से डॉ. रेनु यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. मुलाका मारुति सहित शिक्षकों, विभिन्न समिति के सदस्यों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व स्वयंसेवकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दैनिक ट्रिब्यून

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 01-03-2024**

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की भारत की श्रेष्ठ सांस्कृतिक झलक

# हकेंवि में वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया स्थापना दिवस

**25 फरवरी 2009 से शुरू हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ**






महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए व कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरू हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मुख्यातिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच प्राप्त होता है। कुलपति ने कहा कि जीवन के हर पल में सीखने के अवसर उपलब्ध रहते हैं। कुछ नया सीखें और आगे बढ़ें। जहां तक विश्वविद्यालय की बात है तो विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है और ऐसा मेरा विश्वास है कि विद्यार्थी अपने परिश्रम से हर मुश्किल को आसान बना लेंगे और सपनों को साकार करेंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा ने कहा कि यह समय बेहद महत्त्वपूर्ण है और विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य सहयोगियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ेंगे। अनिल कौशिक ने युवा शक्ति और उसकी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए युवाओं को कर्त्तव्यों के प्रति सजग किया। उन्होंने कहा कि यह समय उन्नति का है, विकास का है और युवाओं पर ही राष्ट्र निर्माण का दारोमदार है। इसलिए विद्यार्थियों से मेरा अनुरोध है कि वे देश के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों के उत्साह को विश्वविद्यालय की प्रगति से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह से विद्यार्थी निरंतर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं।

### ये हुई प्रतियोगिताएं

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम सहित 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिनों के इस आयोजन में म्यूजिक, डांस, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर, फाइन आर्ट के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, कविता पाठ, वाद-विवाद, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 01-03-2024**

# हकेवि के मंच पर दिखी अवध से उत्तर पूर्व तक की सांस्कृतिक झलक

महेंद्रगढ़, 29 फरवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु मंच प्राप्त होता है। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर पल में सीखने के अवसर उपलब्ध रहते हैं। कुछ नया सीखें और आगे बढ़ें। जहाँ तक विश्वविद्यालय की बात है तो विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत है और ऐसा मेरा विश्वास है कि विद्यार्थी अपने परिश्रम से हर मुश्किल को आसान बना लेंगे और सपनों को साकार करेंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा ने कहा कि यह समय बेहद महत्त्वपूर्ण है और विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य सहयोगियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ेंगे। डॉ. ऊषा अरोड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपसी व्यवहार व व्यक्तित्व के विकास के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में श्री अनिल कौशिक ने युवा शक्ति और उसकी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए युवाओं को कर्त्तव्यों के प्रति सजग किया। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों के उत्साह को विश्वविद्यालय की प्रगति से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह से विद्यार्थी निरंतर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जबकि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस आयोजन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय से डॉ. रेनु यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, डॉ. मुलाका मारुति सहित शिक्षकों, विभिन्न समिति के सदस्यों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व स्वयंसेवकों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विद्यार्थियों ने किया लोक-कला संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन

महेंद्रगढ़, 29 फरवरी (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मंच पर गुरुवार को भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली।

विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन के उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों के समक्ष विद्यार्थियों ने 10 राज्यों की कला-संस्कृति की ऐसी झलक प्रस्तुत की, मानो समूचा भारत हकेवि के मंच पर उतर आया हो। इस मंच पर भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण, भगवान शिव के साथ-साथ विद्यार्थियों ने लोक-कला संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद योग विभाग के विद्यार्थियों ने ऐसी योग प्रस्तुति दी कि हर कोई हतप्रभ रह गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मंजीत ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति झूमने पर मजबूर हो गया। अगले चरण में उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अवध, काशी व मथुरा के सीधे दर्शन कराए और मंच पर भगवान श्रीराम, भगवान शिव व श्रीकृष्ण नजर आए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 01-03-2024**



*हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र।*

नवोदय टाइम्स Fri, 01 March 2024
https://epaper.navodayatimes.in/c/74659014

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Ran Times** **Date: 01-03-2024**

# हकेवि के मंच पर दिखी अवध से उत्तर पूर्व तक की सांस्कृतिक झलक

**मनोज गोयल गुडियानिया**
**महेंद्रगढ़ (रण टाइम्स)**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मंच पर गुरुवार को भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों के समक्ष विद्यार्थियों ने 10 राज्यों की कला-संस्कृति की ऐसी झलक प्रस्तुत की, मानो समूचा भारत हकेवि के मंच पर उतर आया हो। इस मंच पर भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण, भगवान शिव के साथ-साथ विद्यार्थियों ने लोक-कला संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद योग विभाग के विद्यार्थियों ने ऐसी योग प्रस्तुति दी कि हर कोई हतप्रभ रह गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मंजीत ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति झूमने पर मजबूर हो गया। अगले चरण में उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अवध, काशी व मथुरा के सीधे दर्शन कराए और मंच पर भगवान श्रीराम, भगवान शिव व श्रीकृष्ण नजर आए। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने बिहार और वहां की कला-संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जबकि उत्तर पूर्व के विद्यार्थियों के प्रदर्शन से समूचा पंडाल झूमता नजर आया। आयोजन में उत्तराखंड, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगना, केरल के साथ-साथ वेर्स्टन डांस का भी जबरदस्त मेल देखने को मिला। जहाँ तक प्रस्तुतियों की बात है तो पंजाब के भंगडे और हरियाणवी डांस ने खूब सुर्खियां बटोरीं। आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने बताया कि स्पंदन 2024 के पहले दिन उद्घाटन सत्र में राज्य केंद्रित लोक नृत्यों की प्रस्तुति के बाद डांस की श्रेणी में लोक, ट्राइबल व क्लासिकल डांस; संगीत की श्रेणी में लाइट वोकल इंडियन व वेस्टर्न, भारतीय व पाश्चात्य सूमह गायन, फाइन आर्टस में पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, कोलाज, पोस्टर मेकिंग व फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 01-03-2024**

# हकेवि के मंच पर दिखी अवध से उत्तर पूर्व तक की सांस्कृतिक झलक



**मनोज गोयल गुडियानिया**

**महेंद्रगढ़ ( हरियाणा प्रदीप )।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मंच पर गुरुवार को भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों के समक्ष विद्यार्थियों ने 10 राज्यों की कला-संस्कृति की ऐसी झलक प्रस्तुत की, मानो समूचा भारत हकेवि के मंच पर उतर आया हो। इस मंच पर भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण, भगवान शिव के साथ-साथ विद्यार्थियों ने लोक-कला संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद योग विभाग के विद्यार्थियों ने ऐसी योग प्रस्तुति दी कि हर कोई हतप्रभ रह गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मंजीत ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति झूमने पर मजबूर हो गया। अगले चरण में उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अवध, काशी व मथुरा के सीधे दर्शन कराए और मंच पर भगवान श्रीराम, भगवान शिव व श्रीकृष्ण नजर आए। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने बिहार और वहां की कला-संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जबकि उत्तर पूर्व के विद्यार्थियों के प्रदर्शन से समूचा पंडाल झूमता नजर आया। आयोजन में उत्तराखंड, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगना, केरल के साथ-साथ वेर्स्टन डांस का भी जबरदस्त मेल देखने को मिला। जहाँ तक प्रस्तुतियों की बात है तो पंजाब के भंगडे और हरियाणवी डांस ने खूब सुर्खियां बटोरीं। आयोजन की संयोजक डॉ. आरती यादव ने बताया कि स्पंदन 2024 के पहले दिन उद्घाटन सत्र में राज्य केंद्रित लोक नृत्यों की प्रस्तुति के बाद डांस की श्रेणी में लोक, ट्राइबल व क्लासिकल डांस; संगीत की श्रेणी में लाइट वोकल इंडियन व वेस्टर्न, भारतीय व पाश्चात्य सूमह गायन, फाइन आर्टस में पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, कोलाज, पोस्टर मेकिंग व फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01-03-2024**

## हकेंवि में वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरु हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डा. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्राप्त होता है। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर पल में सीखने के अवसर उपलब्ध रहते हैं। कुछ नया सीखें और आगे बढ़ें। जहां तक विश्वविद्यालय की बात है तो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है और ऐसा उनका विश्वास है कि विद्यार्थी अपने परिश्रम से हर मुश्किल को आसान बना लेंगे और सपनों को साकार करेंगे।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मुख्यातिथि अनिल कौशिक को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर • जागरण

आयोजन में विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय की लोकपाल डा. ऊषा अरोड़ा ने कहा कि यह समय बेहद महत्त्वपूर्ण है और विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य सहयोगियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ेंगे। ऊषा अरोड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपसी व्यवहार व व्यक्तित्व के विकास के प्रति जागरूक किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल, इंदिरा गांधी, बीआर आंबेडकर, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, गुरुग्राम, चौधरी रणबीर सिंह, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम सहित 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिनों के इस आयोजन में म्यूजिक, डांस, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर, फाइन आर्ट के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, कविता पाठ, वाद विवाद, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### गुरु दक्षता कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा नव नियुक्त संकाय सदस्यों के लिए गुरु दक्षता कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया। प्रोफेसर कुमार ने नव नियुक्त संकायों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम के महत्व और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के बारे में चर्चा की। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली की पूर्व शैक्षिक अधिष्ठाता प्रोफेसर सरोज बाला विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। प्रो. सरोज ने पर्यावरण और स्वास्थ्य मुद्दों पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की। एमएमटीटीसी-सीयूएच के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार व समन्वयक डा. अमित कुमार ने बताया कि प्रेरण कार्यक्रम के लिए देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने एफआइपी में पंजीकरण कराया है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों सहित आयोजक टीम के सदस्य उपनिदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह, डा. संतोष सीएच, डा. आरती यादव उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति, विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक दिखी झलक

- आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत मंगलाचरण से हुई
- विद्यार्थियों के प्रदर्शन से समूचा पंडाल झूमता नजर आया

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मंच पर बृहस्पतिवार को भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पंदन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, विश्वविद्यालय की लोकपाल डा. ऊषा अरोड़ा व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव सहित आयोजन स्थल पर उपस्थित दर्शकों के समक्ष विद्यार्थियों ने 10 राज्यों की कला-संस्कृति की ऐसी झलक प्रस्तुत की, मानो समूचा भारत हकेंवि के मंच पर उतर आया हो।

आयोजन के उद्घाटन सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण के साथ हुई। इसके बाद योग विभाग के विद्यार्थियों ने ऐसी योग प्रस्तुति दी कि हर कोई हतप्रभ रह गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मंजीत ने सुरों का ऐसा समां बांधा कि सभागार में मौजूद हर व्यक्ति झूमने पर मजबूर हो गया। अगले चरण में उत्तर प्रदेश की कला-संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने अवध, काशी व मथुरा के सीधे दर्शन कराए और मंच पर भगवान श्रीराम, भगवान शिव व श्रीकृष्ण नजर आए।

इसी क्रम में विद्यार्थियों ने बिहार और वहां की कला-संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जबकि उत्तर पूर्व के विद्यार्थियों के प्रदर्शन से समूचा पंडाल झूमता नजर आया। आयोजन में उत्तराखंड, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगना, केरल के साथ-साथ वेस्टर्न डांस का भी जबरदस्त मेल देखने को मिला। जहां तक प्रस्तुतियों की बात है तो पंजाब के भंगड़े और हरियाणवी डांस ने खूब सुर्खियां बटोरी। साथ ही इन प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 01-03-2024**

## हकेवि में वार्षिकोत्सव स्पंदन के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने अपनी स्थापना के पंद्रह वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। 25 फरवरी 2009 से शुरू हुई इस यात्रा के पंद्रह वर्ष पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक श्री अनिल कौशिक उपस्थित रहे। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई और इस अवसर पर विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य व गीत आदि के माध्यम से विविधता में एकता का परिचय देते हुए भारत की श्रेष्ठ सांस्कृति झलक प्रस्तुत की। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है और पंद्रह वर्षों का सफर इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु मंच प्राप्त होता है। कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर पल में सीखने के अवसर उपलब्ध रहते हैं। कुछ नया सीखें और आगे बढ़ें। जहाँ तक विश्वविद्यालय की बात है तो विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत है और ऐसा मेरा विश्वास है कि विद्यार्थी अपने परिश्रम से हर मुश्किल को आसान बना लेंगे और सपनों को साकार करेंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय की लोकपाल डॉ. ऊषा अरोड़ा ने कहा कि यह समय बेहद महत्वपूर्ण है और विद्यार्थियों शिक्षकों व अन्य सहयोगियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ेंगे। डॉ. ऊषा अरोड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों व शिक्षकों को आपसी व्यवहार व व्यक्तित्व के विकास के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में श्री अनिल कौशिक ने युवा शक्ति और उसकी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए युवाओं को कर्त्तव्यों के प्रति सजग किया। उन्होंने कहा कि यह समय उन्नति का है, विकास का है और युवाओं पर ही राष्ट्र निर्माण का दारोमदार है। इसलिए विद्यार्थियों से मेरा अनुरोध है कि वे देश के निर्माण में योगदान दें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों के उत्साह को विश्वविद्यालय की प्रगति से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह से विद्यार्थी निरंतर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। उससे स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षित बनें, दीक्षित बनें, सभ्य बनें और सुसंस्कृत बनें। उन्होंने आयोजन के संबंध में कहा कि प्रतियोगिता में हार-जीत की परवाह ने करते हुए अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करें। इससे पूर्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जबकि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय तथा निफ्टेम सहित 12 शिक्षण संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो दिनों के इस आयोजन में म्यूजिक, डांस, साहित्यिक कार्यक्रम, थियेटर, फाइन आर्ट के तहत वोकल म्यूजिक, ग्रुप डांस, लोकनृत्य, कविता पाठ, वाद-विवाद, स्किट, माइम, पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, रंगोली, महेंदी, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

3/12